Chapter- 7

कारक

STUDY NOTES

विषय सारांश:

- संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से उसका संबंध वाक्य के दूसरे शब्दों से जाना जाता है, उसे कारक कहते हैं।
  उदाहरण- अमन ने खाना खाया।
  गीता कलम से लिख रही है।
- कारक के आठ भेद हैं।
  ये आठ भेद है- कर्ता कारक, कर्म कारक, करण कारक, संप्रदान कारक, अपादान कारक, संबंध कारक, अधिकरण कारक, संबोधन कारक।
- संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से कार्य करने वाले का बोध हो, उसे कर्ता कारक कहा जाता है। इसका विभक्ति चिह्न 'ने' है।
- क्रिया के व्यापार का फल जब कर्ता को छोड़कर किसी अन्य संज्ञा या सर्वनाम पद पर पड़ता है, उसे कर्मकारक कहते हैं। इसका विभक्ति चिह्न 'को' है।
- वाक्य में संज्ञा सर्वनाम के जिस रूप से क्रिया के साधन का बोध हो उसे करण कारक कहते हैं। इसका विभक्ति चिह्न 'से' और 'के द्वारा' है।
- संज्ञा या सर्वनाम का वह रूप जिसे कुछ दिया जाए या जिसके लिए कुछ किया जाए उसे संप्रदान कारक कहते हैं। इसका विभक्ति चिह्न 'को', 'के लिए' है।
- संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से अलगाव या पृथक होने का बोध हो, उसे अपादान कारक कहते हैं। इसका विभक्ति चिह्न 'से' है।
- संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से किसी अन्य शब्द के साथ उसके संबंध होने का बोध हो उसे संबंध कारक कहते है। इसका विभक्ति चिह्न 'का, के, की, रा, रे, री' है।
- संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से कार्य के स्थान का बोध हो उसे अधिकरण कारक कहते है। इसका विभक्ति चिह्न 'मे, पर' है।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

- संज्ञा शब्द के जिस रूप से किसी को संबंधित करने का बोध हो, उसे संबोधन कारक कहा जाता है। इसका विभक्ति चिह्न 'अरे!, हे!, ओ!' है।

आइए, अब लिखें।

१. उचित कारक-चिह्नों द्वारा खाली स्थान भरिए।

क) मैदान में हरी घास है।

ख) रीमा ने सुंदर कविता सुनाई।

ग) नमित ऋषभ से मदद माँगने गया है।

घ) अरे! सब शांत हो जाओ।

ङ) छुट्टी की घंटी बजते ही सभी बच्चे चले गए।

२. उचित मिलान कीजिए।

क) करण	i) का, के, की
ख) अधिकरण	ii) को
ग) कर्म	iii) से, के द्वारा
घ) संबंध	iv) में, पर
ङ) उपादान	v) से (अलग होना)

३. निम्नलिखित कारक-चिह्नों से एक-एक वाक्य बनाकर लिखिए।

क) के लिए : पिताजी नेहा के लिए खिलौना लाए।

ख) की : रीमा मोहन की बहन है।

ग) के द्वारा : वह कलम के द्वारा लिखता है।

घ) को : राघव ने अमित को पुस्तक दी।

♦♦♦